दिनांक : 03.04.2024 समय : 02.10 pm

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

नामांकन

प्रदेश में लोकसभा चुनावों के दूसरे चरण के लिए नामांकन भरने का सिलसिला जारी है। आज टीकमगढ़ में केन्द्रीय सामाजिक एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने टीकमगढ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप मे आपना नाम-निर्देशन पत्र दाखिल किया। डॉ. वीरेन्द्र कुमार पहले तीन बार सांसद रह चुके है। अब पार्टी ने इन्हे लगातार चौथी बार अपना उम्मदीवार बनाया है। वहीं सतना से भाजपा प्रत्याशी गणेश सिंह ने नामांकन फार्म भर दिया है उनके साथ राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी और अन्य जनप्रतिनिधि साथ थे। पन्ना से आज भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एवं लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल किया।

प्रचार लोकसभा

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान गति पकड़ने लगा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह पन्ना के छत्रसाल स्टेडियम नजरबाग में जनसभा को संबोधित करेंगे। रोड शो और नामांकन रैली में शामिल होंगे। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का आज भी उज्जैन एवं इंदौर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। इसके पहले कल देर रात तक श्री नड्डा ने विंध्य और महाकोशल अंचल की लोकसभा सीटों पर विजय के लिए मंथन किया। जबलपुर में भाजपा संभागीय कार्यालय में अलग-अलग लोकसभा सीटों को लेकर बैठक हुई। इसमें जबलपुर के अलावा छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, रीवा और सतना लोकसभा को लेकर कोर कमेटी में चिंतन हुआ।

कांग्रेस के प्रभारी महासचिव जितेंद्र सिंह , प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी , राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव

बैतूल, होशंगाबाद, टीकमगढ़ में कांग्रेस प्रत्याशियों एवं खजुराहो में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के नामांकन कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं।

लोकसभा जागरुकता

मतदान के प्रति मतदाता जागरूगता बढ़ाने के लिए नर्मदापुरम जिले में स्वीप गतिविधियों का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जा रहा है । इसके तहत महिला और बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने नर्मदापुरम नगर के ग्वालटोली स्थित मतदान केंद्र में वार्ड की सभी मतदाता सखियों और शौर्य दल की सदस्यों ने 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए प्रेरित किया। मतदान के लिए लोगों से उनके घरों में जाकर मतदान में अनिवार्य रूप से हिस्सा लेने के लिए प्रेरित और अधिक से अधिक मतदान करने संदेश दिया। सतना में आज मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पुलिस परेड ग्राउंड सिविल लाइन से धवारी स्टेडियम तक एक दौड़ मतदान के लिये थीम पर मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ । इसमें जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा भी शामिल हुए।

जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए ‘जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ’ नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के

नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

एनसीईआरटी-पुस्तकें

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद- एनसीईआरटी ने कहा है कि विद्यालयों की पुस्तकें समय पर उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में एनसीईआरटी की ओर से कहा गया है कि पहली, दूसरी, सातवीं, आठवीं, दसवीं और बारहवीं कक्षाओं के लिए 33 लाख पुस्तकें छप चुकी हैं और उन्हें दुकानों पर भेज दिया गया है। परिषद ने कहा है कि तीसरी और छठी कक्षा के लिए नए पाठ्यक्रम की पुस्तकें इस महीने और अगले महीने प्रकाशित कर दी जाएंगी। यह भी कहा गया है चौथी, पांचवीं, नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा की किताबें इस महीने बाजार में आ जाएंगी। एनसीईआरटी ने सभी छात्रों और अभिभावकों से धैर्य रखने और चिंतित न होने का अनुरोध किया। बहुत से राज्यों में स्कूलों की किताबें उपलब्ध न होने की खबरों के बीच एनसीईआरटी ने यह प्रतिक्रिया दी है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- गुना में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में पुलिस अधिकारियों के साथ निर्वाचन संबंधी बैठक का आयोजन किया गया है।
- टीकमगढ जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले मे रबी विपणन वर्ष 2024-25 मे समर्थन मूल्य पर 60 केन्द्रों पर गेहू का उपार्जन किया जाएगा। उन्होने उपार्जन केन्द्र पर उपार्जन समिति अनुसार समस्त व्यवस्थाएं करके खरीदी का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए है।

- खाद्य सुरक्षा दल आगरमालवा द्वारा कल जिले की 06 दुकानों की जांच कर 21 नमूने की चलित खाद्य प्रयोगशाला से मौके पर ही की गई जांच में 19 मानक व 02 अवमानक पाए गए नमूनों के साथ ही शिकायती सूचना के आधार पर नलखेड़ा से जांच हेतु लिये गये सातों सैंपलों को स्टेट फूड लैब भेजा गया है।